भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1005**

दिनांक 04.03.2015/13 फाल्गुन, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

**साईबर अपराधों से निपटने के लिए विशेष पुलिस बल**

**1005. श्री हुसैन दलवईः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में साईबर अपराधों के मामलों में वर्ष-वार कितनी वृद्धि हुई है;

(ख) ऐसे अपराधों से निपटने हेतु गठित विशेष पुलिस बल का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को ऐसे अपराधों से निपटने हेतु पेशेवरों की आवश्यकता है;

(घ) यदि हां, तो इस दिशा में उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या सरकार ने साईबर अपराधों का कोई विश्लेषण किया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क): वर्ष 2011, 2012 और 2013 के दौरान आईटी अधिनियम तथा आईपीसी से संबंधित धाराओं के अंतर्गत साइबर अपराधों के दर्ज मामलों और गिरफ्तार व्यक्तियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या अनुलग्नक-I में संलग्न है।**

**(ख) से (घ): कुछ राज्यों में साइबर अपराधों से निपटने के लिए विशेष सेल उपलब्ध हैं, और साइबर संबंधी अपराधों से निपटने के लिए इलैक्ट्रोनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डीईआईटीवाई) और इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिसपोन्स टीम (सीईआरटी-आईएन), सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत नोडल एजेंसी के विशेषज्ञों द्वारा भी ऐसी सेलों की मदद की जाती है। सरकार ने अपेक्षित पेशेवर कार्मिकशक्ति को शामिल करके इस क्षेत्र में अपने विभिन्न पुलिस संगठनों/शैक्षणिक संस्थाओं और अन्य विशष्टि एजेंसियों के माध्यम से पुलिस बल/कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराया है। सरकार ने डिजीटल साक्ष्य एकत्र करने और उनका विश्लेषण करने के लिए साइबर विधि-विज्ञान, विशेष रुप से साइबर विधि-विज्ञान यंत्रों का विकास करने, जांच और प्रयोक्ताओं, विशेष रुप से पुलिस और न्यायिक अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए अवसरंचना स्थापित करने के लिए उपायों की भी पहल की है। सरकार ने न्यायालयों में तलाशी, जब्ती, डिजीटल साक्ष्य का विश्लेषण और प्रस्तुतीकरण की प्रक्रियाओं के साथ जांच मैनुअल का एक सेट तैयार किया है। ये मैनुअल सभी राज्यों में विधि प्रवर्तन एजेंसियों को परिचालित किए गए हैं।**

**(ड.) से (च): उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, तीन वर्षों में साइबर अपराधों के बढ़ने की प्रवृत्ति है, जैसाकि अनुलग्नक में दर्शाया गया है।**

*****

अनुलग्नक

**‘साइबर अपराधों से निपटने के लिए विशेष पुलिस बल’ के संबंध में दिनांक 04.03.2015 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1005 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**वर्ष 2011-2013 के दौरान आईपीसी की धारा और आईटी अधिनियम के अंतर्गत साइबर अपराध के दर्ज मामले(सीआर) और गिरफ्तार व्यक्ति (पीएआर)**

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2011 | | | | 2012 | | | | 2013 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आईटी अधिनियम | | आईपीसी | | आईटी अधिनियम | | आईपीसी | | आईटी अधिनियम | | आईपीसी | |
| | | सीआर | पीएआर | सीआर | पीएआर | सीआर | पीएआर | सीआर | पीएआर | सीआर | पीएआर | सीआर | पीएआर |
| 1 | आन्ध्र प्रदेश | 349 | 242 | 23 | 25 | 429 | 170 | 25 | 69 | 635 | 296 | 16 | 17 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 13 | 7 | 1 | 0 | 12 | 6 | 0 | 0 | 10 | 5 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 31 | 6 | 0 | 0 | 28 | 5 | 0 | 0 | 154 | 2 | 0 | 0 |
| 4 | बिहार | 25 | 6 | 13 | 2 | 23 | 17 | 7 | 34 | 23 | 22 | 116 | 207 |
| 5 | छतीसगढ़ | 2 | 2 | 76 | 102 | 49 | 31 | 10 | 5 | 91 | 35 | 10 | 15 |
| 6 | गोवा | 16 | 4 | 2 | 2 | 30 | 10 | 2 | 3 | 57 | 10 | 1 | 1 |
| 7 | गुजरात | 52 | 36 | 15 | 19 | 68 | 72 | 10 | 8 | 61 | 51 | 16 | 14 |
| 8 | हरियाणा | 42 | 15 | 3 | 8 | 66 | 25 | 116 | 137 | 112 | 58 | 211 | 136 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 12 | 5 | 0 | 0 | 20 | 25 | 0 | 0 | 24 | 13 | 4 | 0 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 14 | 3 | 0 | 0 | 35 | 17 | 0 | 0 | 46 | 16 | 0 | 0 |
| 11 | झारखंड | 8 | 9 | 25 | 43 | 10 | 8 | 25 | 3 | 13 | 7 | 13 | 13 |
| 12 | कर्नाटक | 151 | 34 | 9 | 5 | 412 | 66 | 25 | 14 | 513 | 94 | 20 | 10 |
| 13 | केरल | 227 | 135 | 18 | 5 | 269 | 151 | 43 | 24 | 349 | 151 | 34 | 18 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 90 | 97 | 13 | 6 | 142 | 152 | 55 | 45 | 282 | 165 | 60 | 12 |
| 15 | महाराष्ट्र | 306 | 226 | 87 | 85 | 471 | 324 | 90 | 83 | 681 | 426 | 226 | 177 |
| 16 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | मेघालय | 6 | 3 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 | 17 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | मिजोरम | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | उड़ीसा | 7 | 1 | 5 | 1 | 14 | 1 | 13 | 5 | 65 | 41 | 39 | 21 |
| 21 | पंजाब | 59 | 38 | 20 | 21 | 72 | 86 | 6 | 2 | 146 | 123 | 10 | 10 |
| 22 | राजस्थान | 122 | 110 | 24 | 22 | 147 | 90 | 7 | 4 | 239 | 135 | 58 | 16 |
| 23 | सिक्किम | 3 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | तमिलनाडु | 37 | 43 | 8 | 11 | 39 | 33 | 2 | 0 | 54 | 43 | 36 | 54 |
| 25 | त्रिपुरा | 0 | 0 | 0 | 0 | 14 | 10 | 0 | 0 | 14 | 13 | 0 | 0 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 101 | 123 | 13 | 36 | 205 | 112 | 44 | 73 | 372 | 283 | 310 | 319 |
| 27 | उत्तराखंड | 6 | 3 | 0 | 0 | 4 | 2 | 0 | 0 | 23 | 3 | 4 | 3 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 43 | 11 | 14 | 16 | 196 | 73 | 113 | 39 | 210 | 58 | 132 | 151 |
| | कुल राज्य | 1725 | 1161 | 370 | 409 | 2761 | 1486 | 593 | 548 | 4192 | 2050 | 1316 | 1194 |
| 29 | अं .और नि .द्वीपसमूह | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 18 | 3 | 0 | 0 |
| 30 | चंडीगढ़ | 10 | 5 | 0 | 0 | 33 | 5 | 0 | 0 | 9 | 7 | 2 | 2 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली | 3 | 1 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | दमण और दीव | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 |
| 33 | दिल्ली संघ शासित राज्य | 50 | 15 | 49 | 36 | 76 | 27 | 8 | 1 | 131 | 34 | 19 | 7 |
| 34 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 35 | पुडुचेरी | 2 | 1 | 0 | 0 | 4 | 4 | 0 | 0 | 5 | 2 | 0 | 0 |
| | कुल संघ शासित राज्य | 66 | 23 | 52 | 37 | 115 | 36 | 8 | 1 | 164 | 48 | 21 | 9 |
| | कुल अखिल भारत | 1791 | 1184 | 422 | 446 | 2876 | 1522 | 601 | 549 | 4356 | 2098 | 1337 | 1203 |

स्रोतः भारत में अपराध